राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर

चर्चा में क्यों?

7 जनवरी, 2023 को राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बताया कि दिल्ली के इंडिया इंटरनेशनल सेंटर की तर्ज पर राज्य के जयपुर के झालाना संस्थानिक क्षेत्र में राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर का निर्माण किया जा रहा है, जिसका जल्द ही उद्घाटन किया जाएगा।

प्रमुख बिंदु

- उल्लेखनीय है कि अप्रैल 2013 में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर का शिलान्यास किया था।
- राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर बनने के बाद यहाँ पर कला-संस्कृति, शिक्षा, सूचना प्रौद्योगिकी व संचार सहित विभिन्न तरह की सरकारी व गैर-सरकारी गतिविधियाँ हो सकेंगी।
- यहाँ पर 700 व्यक्तियों की क्षमता का सभागार, 500 क्षमता का कन्वेंशन सेंटर, 170-170 बैठक क्षमता के दो मिनी सभागार, 500 क्षमता का एग्जीबिशन एरिया, 3 कॉन्फ्रेंस हॉल, ई-लाइब्रेरी, 3 लैक्चर हॉल, 2 रेस्टोरेंट, प्रशासनिक सेक्शन, डबल बेसमेंट पार्किंग की सुविधा मिलेगी। यहाँ पर एक गेस्ट हाउस भी बनेगा, जिसमें जिम की सुविधा भी होगी।
- मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बताया कि सेंटर का आंतरिक निर्माण राजस्थान की स्थापत्य कला की तर्ज पर हो रहा है। सभागार की दीवारें जैसलमेरी पैटर्न के अनुरूप होंगी। कन्वेंशन हॉल एवं प्री-फंक्शनल एरिया में सिटी पैलेस जयपुर के आधार पर हॉल एवं हवामहल जयपुर स्टाइल के आधार पर दीवारें दिखेंगी।
- उन्होंने बताया कि मारवाड़ पैटर्न पर मिनी सभागार तैयार किया जा रहा है। जोधपुर के मंडोर उद्यान की पुरातन कला के मेहराब एवं स्मारक अनुरूप कॉन्फ्रेंस हॉल, अत्याधुनिक इंटीरियर पैटर्न के अनुरूप लैक्चर हॉल और रेस्टोरेंट तैयार हो रहा है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rajasthan-international-center